प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'पांच'

[18/7/2017]

प्रश्न सं. [क्र. 336]

परिशिष्ट

विधान सभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 336
माननीय विधायक श्री संजय उइके

सदन में उत्तर देने की दिनांक : 18.07.2017

क्र.	पत्र क्रमांक	कार्यवाही का विवरण
1	476 दिनांक 25.08.16 नहीं 25.06.16	जनपद पंचायत बिरसा की 27 ग्राम पंचायतो के 50 अविद्युतीकृत मजरों/टोलों में से 12 मजरों/टोलों मे विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर दिया गया है, 01 टोला यथा गायकी मोहल्ले की आबादी 100 से कम होने के कारण 11वीं एवं 12वीं पंचवर्षीय योजना मे स्वीकृत राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में विद्युतीकृत नही किया जा सका है। शेष 37 मजरों/टोलों को 11वीं पंचवर्षीय योजना में स्वीकृत राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत वितरण कंपनी द्वारा विभागीय स्तर से विद्युतीकृत किया जा रहा है। उक्त शेष मजरों/टोलों के विद्युतीकरण का कार्य दिनांक 30.10.2017 तक किया जाना संभावित है।
2	554 दिनांक 31.08.16	ग्राम पंचायत दडकसा के ग्राम बिलालकसा एव ग्राम पंचायत चिखली के ग्राम चिखली के खैराटोला में विद्युत प्रदाय माह अगस्त 16 से बंद था। आवश्यक सुधार कार्य कर माह अक्टूबर 2016 में विद्युत प्रदाय चालू कर दिया गया है।
3	571 दिनांक 12.09.16	जनपद पंचायत बिरसा की 34 ग्राम पंचायतों के 67 अविद्युतीकरण मजरों/टोलों में से 12 मजरों/टोलों में विद्युतीकरण के कार्य पूर्ण कर दिये गये हैं, 01 टोला यथा गायकी मोहल्ले की आबादी 100 से कम होने के कारण 11वीं एवं 12वीं पंचवर्षीय योजना में स्वीकृत राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में विद्युतीकृत नहीं किया जा सका है। शेष 54 मजरों/टोलों को 11वीं पंचवर्षीय योजना में स्वीकृत राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत वितरण कंपनी द्वारा विभागीय स्तर से विद्युतीकृत किया जा रहा है। उक्त शेष मजरों/टोलों के विद्युतीकरण का कार्य दिनांक 30.10.17 तक किया जाना संभावित है।
4	690 दिनांक 10.01.17	ग्राम पंचायत दडकसा के ग्राम बिलालकसा एवं ग्राम पंचायत चिखली के ग्राम चिखली के खैराटोला में विद्युत प्रदाय माह अगस्त-16 से बंद था। आवश्यक सुधार कार्य कर माह अक्टूबर 2016 में विद्युत प्रदाय चालू कर दिया गया है।
5	765 दिनांक 21.04.17	पत्र कार्यपालन अभियंता, (संचा-संधा) बैहर एवं अधीक्षण अभियंता, (संचा- संधा), सिवनी कार्यालय में प्रश्न दिनांक तक अप्राप्त है।
6	779 दिनांक 29.05.17	दक्षिण बैहर की ग्राम पंचायत अडोरी, मछुरदा, दडकसा एवं चौरिया के 11 ग्रामों/टोलों में विद्युत प्रवाह पुनः चालू करवाने हेतु माननीय विधायक महोदय द्वारा लेख किया गया था। ग्राम पंचायत दडकसा एवं चौरिया में विद्युत प्रदाय चालू है एवं ग्राम पंचायत मछुरदा एवं अडोरी के 5 टोलों में विद्युत प्रदाय बंद है। ग्राम पंचायत मछुरदा के 2 टोलों में 11 के.व्ही. केबिल चोरी हो जाने के कारण विगत आठ माह से विद्युत प्रदाय बंद है। ग्राम पंचायत अडोरी के 03 टोलों की 11 के.व्ही. केबिल कई जगहों से जल गई है। इसलिये विगत छः माह से विद्युत प्रदाय बंद है। उक्त ग्राम सघन वन क्षेत्र में आते हैं एवं पहुंच मार्ग सुगम नहीं होने के कारण तथा अत्यधिक वर्षा/बिजली गिरने के कारण विद्युत प्रदाय एवं सुधार कार्य प्रभावित रहता है। उक्त ग्रामों में विद्युत प्रवाह चालू करने हेतु कार्यवाही प्रगति पर है। दिनांक 15.07.2017 तक उक्त ग्रामों में विद्युत प्रवाह पुनः शुरू कर दिया जावेगा।
7	800 दिनांक 12.06.17	पत्र कार्यपालन अभियंता, (संचा-संधा) बैहर एवं अधीक्षण अभियंता, (संचा-संधा), सिवनी कार्यालय में प्रश्न दिनांक तक अप्राप्त है।

अनुभाग अधिकारी
म.प्र. शासन, ऊर्जा विभाग,
मंत्रालय, भोपाल